अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017

हिन्दी भाषा

कक्षा : VII

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखें :- **[15]**

(क) आपने लॉटरी की टिकट खरीदी, जिसमें आपने एक कम्प्यूटर जीता। अपनी जीत के अनुभव का वर्णन करते हुए बताएँ कि कम्प्यूटर का प्रयोग किन-किन क्षेत्रों में किया जाता है ? तथा इनसे क्या-क्या लाभ हैं ?

(ख) एक आदमी के कई-कई मित्र होते हैं। आपके भी छोटे-बड़े कई मित्र होंगे। अपने अनेक मित्रों से किसी ऐसे मित्र के गुणों का वर्णन कीजिए जिस आप सबसे अधिक पसंद करते हैं तथा जिनके साथ हमेशा मित्रता बनाए रखना चाहते हैं।

(ग) ''एक झूठ छिपाने के लिए सौ झूठ बोलने पड़ते हैं'' - इस कथन पर अपने विचार उदाहरण सहित प्रकट कीजिए।

2. किसी एक विषय पर पत्र लिखें :- **[10]**

(क) आपके विद्यालय में हॉबी (Hobby) की कक्षाएँ होती हैं, जिसके अर्न्तगत विभिन्न प्रकार की हॉबी हैं। आप अपनी हॉबी बदलना चाहते हैं। कारण बताते हुए प्रधानाचार्या को आवेदन पत्र लिखें।

(ख) आपके विद्यालय में सुरक्षा सप्ताह 'कवच' मनाया गया है, जिसके अर्न्तगत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बारे में बताते हुए अपने चाचा जी को पत्र लिखें।

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें :- **[20]**

प्राचीन समय में यूनान देश में मताबों नामक राजा राज करता था। वह भाला फेंकने में सिद्ध हस्त था। उसका शरीर भी बहुत बलशाली था। दूर-दूर तक उसकी वीरता की धाक थी तथा बड़े-बड़े योद्धा उनका नाम सुनकर काँप उठते थे। एक दिन राजा अपनी पुत्री को लेकर जंगल में शिकार खेलने चला गया। राजकुमारी बहुत ही सुंदर थी तथा उसका नाम कैमिला था। अचानक एक शत्रु देश के कुछ सैनिक उधर से गुज़रे। उन्होंने राजा मताबों को देख लिया तो उस पर आक्रमण कर दिया। राजकुमारी के साथ होने के कारण राजा को वहाँ से भागना पड़ा। शत्रु सैनिक भी उसके पीछे भागे। भागते-भागते राजा तथा उसकी पुत्री एक नदी के तट पर पहुँच गए। जान बचाने के लिए नदी पार करना जरूरी था। परंतु राजकुमारी को पीठ पर बिठाकर नदी पार करना असंभव था। अतः राजा को एक युक्ति सूझी। राजकुमारी को भाले से बाँधकर राजा ने अपने पूरे बल से नदी के पार फेंक दिया ? भाला नदी के अगले तट पर जा गिरा। बस फिर क्या था ? राजा नदी में कूद गया तथा तैर कर नदी के उस पार चला गया। उसके शत्रु देखते ही रह गए तथा हताश होकर लौट गए।

Downloaded From www.icseboard.org

(क) मताबों किस देश का राजा था ? उसका नाम सुनकर बड़े-बड़े योद्धा क्यों काँप उठते थे ?

(ख) शत्रु सैनिकों ने किस पर तथा कब आक्रमण किया ?

(ग) राजकुमारी के साथ होने पर राजा को क्या परेशानी हुई ?

(घ) मताबों ने शत्रु सैनिकों से पीछा कैसे छुड़ाया ?

(ङ) इन शब्दों के अर्थ लिखें तथा किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ :-

आक्रमण , शत्रु , तट , युक्ति ।

4. **निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें :- (शब्द उतारें)** [3]

दिन, नौका, बंदर

5. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें। (शब्द उतारें)** [3]

उष्ण, गहरा, जड़, कटु, चंचल, दुर्जन ।

6. **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें।** [3]

(क) क्षण में नष्ट होने वाला (ख) जिसका कोई शत्रु न हो

(ग) गुप्त रखने योग्य

7. **निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो शब्द लिखें । (शब्द उतारें)** [3]

घट, दल, पक्ष ।

8. **निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें । (शब्द उतारें)** [3]

क) जलद - ख) नियत - ग) प्रमाण -

जलज - नीयत - प्रणाम -

9. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ :-** [3]

क) खरी-खोटी सुनाना ख) तलवे चाटना

10. **निम्नलिखित उपसर्ग की सहायता से दो-दो शब्द बनाएँ :** [3]

अप, नि, अव ।

11. **निम्नलिखित प्रत्ययों की सहायता से दो-दो शब्द बनाएँ।** [3]

आन, ई, आहट

12. **निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद करें एवं उनके भेद का नाम लिखें :-** [3]

दिगंबर, मनोबल ।

Downloaded From www.icseboard.org

13. **निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करें उनके भेद का नाम लिखें :-** [3]

नीलगाय, पंचवटी

14. **निर्देशानुसार वाक्य परिवर्त्तन करें :-** [5]

(क) सदा सच्चाई की राह पर चलो। (संज्ञा चुनकर भेद लिखें)

(ख) हमारे प्रधानाचार्य सबको बहुत प्रिय हैं। (लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखें)

(ग) दादाजी बच्चों चॉकलेट लाए । (कारक चिन्ह लगाकर वाक्य फिर से लिखें)

(घ) वह बड़ा दूर बैठा है। (वाक्य शुद्ध करें)

(ङ) विनोद ने साइकिल चलाई। (वर्तमान काल में बदलें)

Downloaded From www.icseboard.org